# Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

## (Accredited A++ by NAAC)

### University in News on 30 May 2024

## Dainik Jagran Page - 04

### प्रवेश परीक्षा में कैसे आएंगे प्रश्न, जान सकेंगे अभ्यर्थी

प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने वेबसाइट पर अपलोड किया पाठ्यक्रम

महेश्वर गोरी प्रशासन ने इस बार यह काम करते हुए स्नातक की प्रवेश परीक्षा में किन-किन पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों को यह जाने का हक है कि प्रवेश परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे। इस दृष्टिकोण से करीब 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्यक्रमों के ज्ञान से जहां उन्हें प्रवेश परीक्षा में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। वहीं यह सभी पाठ्यक्रम और प्रश्नपत्र भी उपलब्ध कराया है। इस दिशा में विश्वविद्यालय सभी विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी और परीक्षा का पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया है।

**आपार आइडी नहीं बनाया तो रुकेगा परीक्षाफल**

- 10 जून तक विद्यार्थियों को करना होगा फार्म, परीक्षाफल अगस्त
- विद्यार्थियों की सुविधा के लिए रेकार्ड किया गया बूथ बीडियो : कुलपति

**[ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार एक के सभी विद्यार्थियों को शैक्षणिक बैंक आफ क्रेडिट (एबीसी) में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। सभी विद्यार्थियों को एक स्वायत्तित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (एपीएआर) आइडी भी प्राप्त करना है।**

**मलेशिया के विश्वविद्यालय ने डा.रामवंत को किया सम्मानित**

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा.रामवंत गुप्ता को आइएनटीआअ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया द्वारा रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के तहत रिसर्च फेलो के पूरे कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय की सुविधाओं तक उनकी पहुंच होगी। इस शोध फेलोशिप कार्यक्रम का उद्देश्य शोधकर्ताओं को अपने संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध आउटपुट तैयार करने में उत्कृष्टता हासिल करने और शोध गतिविधियों और शोध मानकों को और बढ़ाने में सक्षम बनाना है। -विज्ञप्ति

**भारत में किया गया है सभी जीवों को समावेशित**

गोरखपुर: गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में पुष्पवार को सत्र टिसयीय वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विश्व में भारत ही ऐसा देश है जिसमें सभी जीवों को समावेशित किया गया है। अध्यक्षता करते हुए गोरि की कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भूगोल विभाग सराहनीय कार्य कर रहा है। विज्ञान के विभागों की तरह ही भूगोल भी प्रमुख विषय है जो मानव हित में महत्वपूर्ण है। विभागाध्यक्ष प्रो.शिवाकांत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान डा.दुर्गावती यादव, डा.दीपक प्रसाद, डा.श्रीप्रकाश सिंह, डा.ज्ञान प्रकाश, डा.स्वर्णिमा सिंह, डा.सतीश कुमार, डा.अंकित सिंह एवं डा.मनीष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।-विज्ञप्ति

## Amar Ujala page - 05

### डीडीयू : प्रवेश परीक्षा में कैसे आएंगे प्रश्न..वेबसाइट से मिलेगी जानकारी

प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय ने अपलोड किए पाठ्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और शोध में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अक्सर विद्यार्थी परेशान रहते हैं कि प्रवेश परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे? इस दुविधा से विद्यार्थियों को निजात दिलाने के लिए विश्वविद्यालय ने बड़ी पहल की है।

नई व्यवस्था के अन्य सभी पाठ्यक्रम के प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। देश में कहीं पर भी बैठे अभ्यर्थी इसे जान सकेंगे और इसके हिसाब से प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। आमतौर पर बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में कैसे सवाल पूछे जाएंगे या किस पाठ्यक्रम से सवाल आएंगे। इसकी जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध रहती है या फिर बाजार में तैयारी के लिए किताब मिल जाती है। लेकिन गोरखपुर विश्वविद्यालय में अभी तक ऐसा नहीं था। पिछले वर्षों की प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र भी इंटरनेट पर उपलब्ध नहीं है, जिससे अंदाजा लगाकर विद्यार्थी तैयारी कर सकें।

प्रवेश सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि अभ्यर्थियों को यह जानने का हक है कि प्रवेश परीक्षा में किस फार्मेट में और किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसे देखते हुए एक-एक कर सभी पाठ्यक्रम अपलोड किए जा रहे थे। बुधवार को सभी पाठ्यक्रम अपलोड हो गए हैं।

**सभी पाठ्यक्रम और फार्मेट अपलोड :** विद्यार्थियों के संशय को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह नई व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत स्नातक की प्रवेश परीक्षा में किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्न पत्र का फार्मेट क्या होगा, इसका उल्लेख प्रवेश विवरणिका में ही दर्ज कर दिया गया था।

**आठ जून है अंतिम तिथि**

विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और शोध में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आठ जून निर्धारित है। इसके लिए अभी तक 5.5 हजार से भी ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है। विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा में आए अंकों के कटऑफ के आधार पर प्रवेश लिया जाता है। अभ्यर्थी इस बात को लेकर संशय में रहते थे कि परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे।

**रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित हुए डीडीयू के डॉ. रामवंत गुप्ता**

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रामवंत गुप्ता को 14 मई 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक आईएनटीआई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया की तरफ से प्रतिष्ठित आईएनटीआई रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस शोध फेलोशिप कार्यक्रम का उद्देश्य शोधकर्ताओं को अपने संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध आउटपुट तैयार करने में उत्कृष्टता हासिल करने और शोध गतिविधियों और शोध मानकों को और बढ़ाने में सक्षम बनाना है। डॉ. रामवंत को प्रकाश संश्लेषण के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। वर्तमान में वह विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय सेल के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। संवाद

डॉ. रामवंत गुप्ता

## Amar Ujala Select Page 03

**डीडीयू : प्रवेश परीक्षा के लिए अपलोड किया पाठ्यक्रम**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और शोध में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अक्सर विद्यार्थी परेशान रहते हैं कि प्रवेश परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे? इस दुविधा से विद्यार्थियों को निजात दिलाने के लिए विश्वविद्यालय ने बड़ी पहल की है। नई व्यवस्था के अन्य सभी पाठ्यक्रम के प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। देश में कहीं पर भी बैठे अभ्यर्थी इसे जान सकेंगे और इसके हिसाब से प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।

आमतौर पर बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में कैसे सवाल पूछे जाएंगे या किस पाठ्यक्रम से सवाल आएंगे। इसकी जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध रहती है या फिर बाजार में तैयारी के लिए किताब मिल जाती है। लेकिन गोरखपुर विश्वविद्यालय में अभी तक ऐसा नहीं था। पिछले वर्षों की प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र भी इंटरनेट पर उपलब्ध नहीं है, जिससे अंदाजा लगाकर विद्यार्थी तैयारी कर सकें। इस वजह से कई बार मेधावी विद्यार्थी अच्छी तैयारी के बाद भी अच्छे अंक नहीं ला पाते।

प्रवेश सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि अभ्यर्थियों को यह जानने का हक है कि प्रवेश परीक्षा में किस फार्मेट में और किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे।

## Hindustan Page 05

दक्षिण बिहार के केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. केएन सिंह का स्वागत किया गया।

**मलेशिया के विवि ने डॉ रामवंत को किया सम्मानित**

गोरखपुर। डीडीयू के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रामवंत गुप्ता को आईएनटीआई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया द्वारा रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस शोध फेलोशिप कार्यक्रम का उद्देश्य शोधकर्ताओं को अपने संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध आउटपुट तैयार करने में उत्कृष्टता हासिल करने, शोध गतिविधियों, मानकों को और बढ़ाने में सक्षम बनाना है।

डॉ रामवंत गुप्ता

## Inext Page - 04

### 400 खिलाड़ियों के सपनों को उड़ान दे रही स्पोर्ट्स काउंसिल

DDU KA REPORT CARD

बेसिक सुविधाओं के लाल ही बेलगट टीसेल टी.जा रही

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (29 May): गोरखपुर यूनिवर्सिटी की स्पोर्ट्स काउंसिल 400 खिलाड़ियों के सपनों को उड़ान दे रही है, यहां विभिन्न खेलों में अच्छा करिअर बनाने के लिए यूनिवर्सिटी कैम्पस के आसपास कोर्टों के स्पोर्ट्स विकास मार्केटिंग करने के लिए यूनिवर्सिटी के खेल के अलावा कोर्टों के स्पोर्ट्स टूर्नामेंट को जोड़ने से इन खिलाड़ियों को खेलना प्रदर्शन करने के लिए सभी सीनियर यूनिवर्सिटी के चयन हो सकता टूर्नामेंट दो दस रहते हैं, इसी का नतीजा है कि यहां टेनी डीडीयू के प्रशिक्षण में पहली बार पहले की पुरुषवर्ग टीम ने अंतर इंटिया लेवल पर अवार्डिस मेन में प्रतिभाग किया, वहीं, यूनिवर्सिटी की एथलेटिक्स खिलाड़ी रेशमा यादव ने अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर प्रतिभाग किया है, यूनिवर्सिटी की अन्य खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय लेवल पर प्रतिभाग किया है।

**खेल जाते हैं ये गेमस**

- एथलेटिक्स 100 मै., 400 मै., 800 मै., 1400 मै.
- बाय पीठ डी.डी.प्रेसिडेन्ट
- कुश्ती डी.प्रेसिडेन्ट
- कॉरेक्टर डी.प्रेसिडेन्ट
- बास्केटबॉल डी.प्रेसिडेन्ट
- फुटबाल
- हॉकेट
- हॉ-डॉ
- अर्ले दूर, लॉन्ग दूर
- गेमस दौड़

**टीसेल के लिए है दो बाउंड**

गोरखपुर यूनिवर्सिटी में खिलाड़ियों को

**खेलना लेवल पर यार टैक**

यूनिवर्सिटी जिलाने का अपना डीडीयू के प्रशिक्षित खिलाड़ियों पर भी रेकार्ड को जिला जा है, इस सेशन में अकादमा यहां की 20 टीमों ने नेशनल लेवल पर प्रतिभाग का जिसमें खेलों में सहभाग प्रशिक्षण किया है, यूनिवर्सिटी की अपना कोर्ट टीम ने चार बैक लगाकर गया जिसमें कराया है, यहां, इस सेशन में यहां

## Rashtriya Sahara Page - 05

**एबीसी में पंजीकरण न होने पर**

### विद्यार्थियों का परीक्षाफल नहीं होगा घोषित

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का एबीसी में पंजीकरण नहीं होना तथा वे अपने एपीएआर आइडी प्राप्त नहीं करेंगे उनका परीक्षाफल विश्वविद्यालय घोषित नहीं करेगा। बुधवार को डीडीयू प्रशासन ने विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से चेतावनी देते हुए 10 जून तक हर हाल में अपनी आइडी प्राप्त करने का निर्देश दिया है।

दीनदयाल गोरखिक तथा संबद्ध महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थियों को 10 जून, 2024 तक अपना एबीसी/एपीएआर आईडी अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाना है। ऐसा न करने के स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा उनका परीक्षाफल घोषित करना संभव नहीं होगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट्स (एबीसी) में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को एक स्वायत्तित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (एपीएआर) आइडी भी प्राप्त करना है। अभी तक विवि के लगभग चौदह हजार से अधिक तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के दो लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है तथा में विश्वविद्यालय द्वारा एबीसी/एपीएआर आईडी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 निर्धारित की गयी थी, परन्तु अभी विश्वविद्यालय के लगभग एक हजार तथा संबद्ध महाविद्यालय के लगभग अठारहजार हजार विद्यार्थियों ने एबीसी, एपीएआर आईडी प्राप्त नहीं किया है। ऐसे सभी विद्यार्थी 10 जून, 2024 तक अनिवार्य रूप से अपना आईडी अनिवार्य रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। **विद्यार्थियों की सुविधा को डीडीयू ने जारी किया सूटबूथ वीडियो :**कुलपति प्रो. पूनम टंडन के निर्देशानुसार एबीसी/ एपीएआर आईडी में पंजीकरण कराने के लिए विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विवि द्वारा एक सूटबूथ वीडियो तैयार किया गया है, जिसके अनुसार विद्यार्थी अपना एबीसी/ एपीएआर आईडी बना सकते हैं। सूटबूथ वीडियो का लिंक भी विवि ने दिया है।

- डीडीयू प्रशासन ने विद्यार्थियों को दी चेतावनी
- कॉरक्टर के 7 व महाविद्यालयों के 20 फीसद विद्यार्थियों के पास अब्रतक आईडी नहीं
- एबीसी/एपीएआर आईडी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 जून तक

## Swatantra Bharat

### प्रवेश परीक्षा में आएंगे कैसे प्रश्न, जान सकेंगे अभ्यर्थी

डीडीयू: प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए वेबसाइट पर अपलोड हुआ पाठ्यक्रम

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की चल रही प्रक्रिया के बीच डीडीयू प्रशासन ने बड़ी पहल की है। प्रवेश परीक्षा में किस तरह के और किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, यह अभ्यर्थी जान सकेंगे। डीडीयू प्रशासन ने सभी पाठ्यक्रम के प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

डीडीयू में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि 8 जून निर्धारित है। डीडीयू में प्रवेश परीक्षा में आए कटऑफ के आधार पर प्रवेश लिया जाता है। अभ्यर्थी इस बात को लेकर संशय में रहते हैं कि परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे। कई बार मेधावी विद्यार्थी भी अच्छी तैयारी के बाद भी अच्छे अंक नहीं ला पाते। इसे देखते हुए डीडीयू प्रशासन ने इस बार नई पहल की है। इसके तहत स्नातक की प्रवेश परीक्षा में किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्न पत्र का फार्मेट क्या होगा, इसका उल्लेख प्रवेश विवरणिका में ही दर्ज कर दिया गया था। अब परास्नातक और शोध पाठ्यक्रम (अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आठ जून निर्धारित है। इसके लिए अभी तक 5.5 हजार से भी ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है। विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा में आए अंकों के कटऑफ के आधार पर प्रवेश लिया जाता है। अभ्यर्थी इस बात को लेकर संशय में रहते थे कि परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे।

**पहली बार व्यवस्थित ढंग से पाठ्यक्रम को किया गया है अपलोड, यूजी की प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम पहले से ही ब्रोशर में है मौजूद**

डीडीयू प्रशासन ने इस बार नई पहल की है। इसके तहत स्नातक की प्रवेश परीक्षा में किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्न पत्र का फार्मेट क्या होगा, इसका उल्लेख प्रवेश विवरणिका में ही दर्ज कर दिया गया था। अब परास्नातक और शोध पाठ्यक्रम (पीएचडी-2023 के अभ्यर्थियों के लिए भी पाठ्यक्रम व नियमों तैयार कर लिया गया है, बल्कि सभी पाठ्यक्रम और फार्मेट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। डीडीयू में एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि अभ्यर्थियों को यह जानने का हक है कि प्रवेश परीक्षा में किस फार्मेट में और किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसे देखते हुए एक-एक कर सभी पाठ्यक्रम अपलोड किए जा रहे थे। बुधवार को सभी पाठ्यक्रम अपलोड हो गए हैं।

अभ्यर्थियों के हित में यह निर्णय लिया गया है। इससे छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी। परीक्षा में किन पाठ्यक्रमों से प्रश्न पूछे जाएंगे। यूजी का फार्मेट और प्रश्न पत्र ब्रोशर में ही है। रेट 2023 और पीजी के पाठ्यक्रम भी अपलोड कर दिए गए हैं।

-प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

**डॉ. रामवंत गुप्ता हुए सम्मानित**

गोरखपुर। डॉ. रामवंत गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, डीडीयू को 14 मई से 31 दिसंबर तक आईएनटीआई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया द्वारा प्रतिष्ठित आईएनटीआई रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस शोध फेलोशिप कार्यक्रम का उद्देश्य शोधकर्ताओं को अपने संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध आउटपुट तैयार करने में उत्कृष्टता हासिल करने और शोध गतिविधियों और शोध मानकों को और बढ़ाने में सक्षम बनाना है। इसके तहत स्नातक की प्रवेश परीक्षा में किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्न पत्र का फार्मेट क्या होगा, इसका उल्लेख प्रवेश विवरणिका में ही दर्ज कर दिया गया था। अब परास्नातक और शोध पाठ्यक्रम (अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आठ जून निर्धारित है। इसके लिए अभी तक 5.5 हजार से भी ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है। विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा में आए अंकों के कटऑफ के आधार पर प्रवेश लिया जाता है। अभ्यर्थी इस बात को लेकर संशय में रहते थे कि परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे।

**डीडीयू में वैल्यू एडेड कोर्स का ब्लेंडेड मोड में उद्घाटन हुआ**

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में सात टिसयीय वैल्यू एडेड कोर्स का सफल उद्घाटन कार्य ब्लेंडेड मोड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो पूनम टंडन द्वारा किया गया। जिनका स्वागत विभाग की सहायक आचार्य डॉ तुषारकांत यादव द्वारा अंगवस्त्रम भेंट से किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो शिवाकान्त सिंह ने विषय संकल्पना पर विस्तृत विवेचना की। समन्वयक सहायक आचार्य डॉ दीपक प्रसाद ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं सहायक डॉ श्री प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। सहायक आचार्य डॉ ज्ञान प्रकाश ने कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में कार्यक्रम का शुभारम्भ एन्सिमेंटल ग्रास्सिस इन इंडिया: एन अटेंशन अपील थाई सेंटीपेट जिओग्राफर्स विषय पर विस्तृत व्याख्यान के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री शिवाकान्त सिंह ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर उद्घाटन सहित सात्तपीय द्वीपान से सभी को अभिभूत किया। उन्होंने धार्मिक ग्रंथों में पर्यावरण संरक्षण के अनेक उद्धरण प्रस्तुत किये जिन्हें आम जन सिर्फ कहानी के रूप में सुनता है लेकिन उसमे उद्धृत सन्दर्भ को आधुनिक मानव द्वारा व्यवहारिक रूप में प्रयोग करने की अवश्यकता है। मंच को अध्यक्षता कर रही कुलपति ने भूगोल विषय की महत्व एवं विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।

## Rashtra Ki Parampara

### डॉ. रामवंत गुप्ता को आईएनटीआई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बयूमलेशिया द्वारा रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित

गोरखपुर (राष्ट्र की परम्परा)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रामवंत गुप्ता को 14 मई 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक आईएनटीआई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया द्वारा प्रतिष्ठित आईएनटीआई रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस शोध फेलोशिप का उद्देश्य शोधकर्ताओं को अपने संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध आउटपुट तैयार करने में उत्कृष्टता हासिल करने और शोध गतिविधियों और शोध मानकों को और बढ़ाने में सक्षम बनाना है। रिसर्च फेलो को पूरे कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय की सुविधाओं तक पहुंच भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, एक संकाय होस्ट होगा जो रिसर्च फेलो के साथ मिलकर आईएनटीआई विश्वविद्यालय की आउटपुट के लिए काम करेगा। आईएनटीआई विश्वविद्यालय की गतिविधियों में शामिल होना जैसे आईवीएस में जीविक्षिण में गतिविधियों में शामिल होना जैसे रिसर्च सेमिनार, रिसर्च संगोष्ठी और अकादमिक सम्मेलनों में भागीदारी और संगठन, रिसर्च क्लस्टरों में सेवाओं का प्रावधान, अकादमिक या शोध कार्यक्रमों का विकास और समीक्षा, अतिथि व्याख्यान देना आदि। डॉ रामवंत गुप्ता को पादप विज्ञान, विशेष रूप से प्रकाश संश्लेषण के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। इस विश्वविद्यालय में शामिल होने से पहले उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ गुयाना साउथ अमेरिका में जीविक्षिण में एसोसिएट प्रोफेसर और फिजी आइवीएस में जीविक्षिण में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में, वह डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय सेल के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

## Hindustan Page 05

### प्रवेश परीक्षा का प्रारूप जान सकेंगे अभ्यर्थी

डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की चल रही प्रक्रिया के बीच डीडीयू प्रशासन ने बड़ी पहल की है। प्रवेश परीक्षा में किस तरह के और किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, यह अभ्यर्थी जान सकेंगे। डीडीयू प्रशासन ने सभी पाठ्यक्रम के प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

डीडीयू में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि 8 जून निर्धारित है। डीडीयू में प्रवेश परीक्षा में आए कटऑफ के आधार पर प्रवेश लिया जाता है। अभ्यर्थी इस बात को लेकर संशय में रहते हैं कि परीक्षा में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे। कई बार मेधावी विद्यार्थी भी अच्छी तैयारी के बाद भी अच्छे अंक नहीं ला पाते।

इसे देखते हुए डीडीयू प्रशासन ने इस बार नई पहल की है। इसके तहत स्नातक की प्रवेश परीक्षा में किन-किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्न पत्र का फार्मेट क्या होगा, इसका उल्लेख प्रवेश विवरणिका में ही दर्ज कर दिया गया था। अब परास्नातक और शोध पाठ्यक्रम परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों के लिए भी पाठ्यक्रम न सिर्फ तैयार कर लिया गया है, बल्कि सभी पाठ्यक्रम और फार्मेट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इससे अभ्यर्थियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

**अभ्यर्थियों को होगी सहूलियत : प्रो. हर्ष सिन्हा**

डीडीयू में एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि अभ्यर्थियों को यह जानने का हक है कि प्रवेश परीक्षा में किस फार्मेट में और किन पाठ्यक्रमों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसे देखते हुए एक-एक कर सभी पाठ्यक्रम अपलोड किए जा रहे थे। बुधवार को सभी अपलोड हो गए हैं।

> अभ्यर्थियों के हित में यह निर्णय लिया गया है। इससे छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी। परीक्षा में किन पाठ्यक्रमों से प्रश्न पूछे जाएंगे। यूजी का फार्मेट और प्रश्न पत्र ब्रोशर में ही है। रेट 2023 और पीजी के पाठ्यक्रम भी अपलोड कर दिए गए हैं।
> - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

## Aaj

**रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित हुए डॉ. रामवंत**